




नवभारत

भोपाल, रविवार, 29 मार्च, 2026


## एक नजर में

### तौल एवं धर्मकांटों का होगा सत्यापन

**सीहोर.** शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य 01 अप्रैल से 05 मई तक किया जाएगा. कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले की सभी सेवा सहकारी समितियों, विपणन समितियों, विगत वर्ष उपार्जन कार्य करने वाले स्व-सहायता समूहों, ग्राम संगठनों, कृषि उपज मंडियों, उपमंडियों, उपार्जन केन्द्रों एवं भण्डारण केन्द्रों के नाप तौल उपकरणों एवं धर्मकांटों का सत्यापन एवं प्रमाणीकरण कराने के निर्देश दिए हैं. इसके साथ ही उन्होंने उपार्जन कार्य प्रारंभ होने से पहले धर्मकांटों का कैलिब्रेशन कर सीपीयू सील करने के भी निर्देश दिए हैं.

### 217 बालिकाओं को लगाई गई वैक्सीन

**सीहोर.** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है. सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया स्वास्थ्य संस्थाओं में एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है. 217 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई.

### गेहूं के अवैध परिवहन की रोकथाम के आदेश

**सीहोर.** समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य 01 अप्रैल से 05 मई तक किया जाएगा. उपार्जन अवधि के दौरान पड़ोसी जिलों से उपार्जन केन्द्रों पर विक्रय के लिए लाई जाने वाली उपज के अवैध परिवहन एवं बिक्री की रोकथाम के लिए कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी अनुभागों के एसडीएम और तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्र के अंतर्गत बाहर से गेहूं के अवैध परिवहन पर निगरानी बनाए रखने और इसे रोकने के आदेश दिए हैं. इसके साथ ही उन्होंने आदेश दिए हैं कि मंडी एवं उप मंडी में गेहूं की आवक व विक्रय पर निगरानी रखे और अवैध परिवहन पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करें.

### खनिज, राजस्व, पुलिस ने जब्त किए डंपर

**सीहोर.** जिले में अवैध खनिजों के उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में भैरूंदा एवं रेहटी में खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल एवं राज्य स्तर से आए दल द्वारा अवैध रेत के ओवरलोड में संलग्न 04 डंपर जब्त किए, जिन्हें भैरूंदा एवं रेहटी थाने की अभिरक्षा में रखा गया है. इसके साथ ही दल द्वारा नर्मदा नदी के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया गया.

### सूखा राहत कंट्रोल रूम हुआ प्रारंभ

**सीहोर.** गर्मी के मौसम में पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जिले में सूखा राहत प्रकोष्ठ कंट्रोल रूम स्थापित किया है. कंट्रोल रूम के माध्यम से पेयजल संबंधी शिकायतें दर्ज की जाएंगी और उन पर की गई कार्यवाही की मॉनिटरिंग भी की जाएगी. जिला स्तर पर कंट्रोल रूम का नंबर 9893416712 जारी किया गया है. इसके अलावा सीहोर, भैरूंदा, आष्टा और बुधनी उपखंड स्तर पर भी अलग-अलग कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं. इन कंट्रोल रूम में अधिकारियों और कर्मचारियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है, जिससे नागरिकों को समय पर राहत मिल सके.

### अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन एक अप्रैल तक

**सीहोर.** अग्निवीर योजना के अंतर्गत अविवाहित पुरुष अभ्यर्थियों का चयन ऑनलाइन परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा. ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया 1 अप्रैल तक चलेगी. अभ्यर्थी निर्धारित अवधि में सेना की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं.

# कुर्की की मार, बंद मंडी से अन्नदाता लाचार

## 67 हजार बकाया होने पर किसान का ट्रैक्टर हुआ कुर्क, अवकाश के चलते मंडी नहीं जा पा रहे किसान

- समर्थन मूल्य पर एक अप्रैल से शुरू होगी खरीदी
- बिजली कंपनी के लगातार तकाजे से परेशान किसान

नवभारत न्यूज

**सीहोर 28 मार्च. जिले का अन्नदाता इस समय दोहरी मार झेलने को मजबूर है. एक ओर खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह पककर तैयार है, तो दूसरी ओर उसे बेचने के लिए मंडियों के दरवाजे बंद पड़े हैं. इसी बीच बिजली कंपनी द्वारा बकाया वसूली के लिए अपनाया जा रहा सख्त रवैया किसानों की मुश्किलें और बढ़ा रहा है. हालात यह हैं कि किसान न तो अपनी उपज बेच पा रहा है और न ही जेब खाली होने के कारण बिजली बिल चुका पा रहा है.**

जिले में इन दिनों बिजली कंपनी द्वारा वसूली अभियान तेज कर दिया गया है. बकाया राशि की वसूली के लिए किसानों की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई लगातार सामने आ रही है. हाल ही में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया, जिसमें मात्र 67 हजार रुपये के बकाया बिजली बिल के एवज में एक किसान का लगभग 5 लाख रुपये कीमत का ट्रैक्टर जब्त कर लिया गया. यह घटना अकेली नहीं है, बल्कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किसानों के ट्रैक्टर, कृषि यंत्र और अन्य संसाधनों की कुर्की की जा रही है.



**सीहोर.** जिस दिन कृषि उपज मंडी में नीलामी होती है, उस दिन बड़ी संख्या में ट्रैक्टर ट्राली से उपज बेचने किसान पहुंचते हैं.

किसानों का कहना है कि फसल कटाई और बिक्री के इस महत्वपूर्ण समय पर इस तरह की कार्रवाई उन्हें आर्थिक ही नहीं, मानसिक रूप से भी तोड़ रही है. उनका तर्क है कि जब तक फसल बिकेगी नहीं, तब तक वे बकाया राशि कैसे चुकाएं.

किसानों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि अभी तक समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू नहीं हुई है. मंडियों में नीलामी प्रक्रिया भी लगातार छुट्टियों के कारण बाधित है. ऐसे में किसानों के पास न तो नकदी है और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था. मजबूरी में उन्हें उपज औने-पौने दामों पर बेचना पड़ रहा है या कुर्की का सामना करना पड़ रहा है.

अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को लेकर भी किसानों में चिंता बनी हुई है. ईरान और इजराइल के बीच जारी तनाव के चलते उन्हें आशंका है कि सरकार गेहूं के निर्यात पर रोक लगा सकती है, जिससे बाजार भाव गिर सकते हैं. ऐसे में किसान चाहते हैं कि वे जल्द से जल्द अपनी फसल बेच लें, लेकिन मंडियों में अवकाश उनके लिए सबसे बड़ी बाधा बन गया है.

### प्रशासन से राहत की मांग

जिले के किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि पीक सीजन को देखते हुए मंडियों में नीलामी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, ताकि उनकी उपज समय पर बिक सके. साथ ही बिजली कंपनी द्वारा की जा रही कुर्की की कार्रवाई पर भी फिलहाल रोक लगाने की मांग उठाई गई है. किसानों का कहना है कि जब तक उनकी फसल नहीं बिकती, तब तक उनसे वसूली करना अन्यायपूर्ण है.

### मंडी में 11 दिन में केवल दो दिन काम

त्योहारों और वित्तीय वर्ष के अंत के चलते मंडी संचालन पर भी असर पड़ा है. 26 मार्च से 5 अप्रैल के बीच सीहोर मंडी में केवल दो दिन—2 अप्रैल और 4 अप्रैल—को ही नीलामी कार्य हो पाएगा. इस दौरान अष्टमी, रामनवमी, बैंक अवकाश, रविवार, क्लोजिंग, के अलावा महावीर जयंती, वार्षिक लेखाबंदी और गुड फ्राइडे जैसे अवकाशों के कारण मंडी लगभग बंद ही रहेगी. इससे किसानों की परेशानी और बढ़ गई है.



## वृद्धजनों को उपयोगी सिद्ध होंगे उपकरण

नवभारत न्यूज

**सीहोर 28 मार्च.** निशक्त दिव्यांगजन के सशक्तिकरण में वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन भी अहम भूमिका निभा रही है.

उक्त बात शनिवार को प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज सभागार में वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा आयोजित वृद्ध विकलांगजनों को सहायक नि:शुल्क उपकरण वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक सुदेश राय ने कही. कार्यक्रम में श्रीमती अरुणा राय भी दिव्यांगजनों की सेवा करते हुए दिखाई दी. सांस्कृतिक गतिविधियों के तहत विशेष बच्चों द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने जनसमूह का मनमोह लिया. वसुंधरा स्पेशल स्कूल के विद्यार्थी सक्षम ने विधायक राय को अपने हाथों से बनाया गया चित्र भेंट कर सभी का ध्यान आकर्षित किया.

विधायक राय ने कहा कि भगवान मनुष्य शरीर अच्छा सुंदर निर्माण करते हैं लेकिन कई बार ईश्वर से त्रुटि हो जाती है और शरीर में कुछ कमी रह जाती है इस शारीरिक कमी को पूरा करने का कार्य प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री विभिन्न विभागों और माध्यमों से कर रहे हैं. अनेक योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंदजनों की सहायता की जा रही हैकार्यक्रम के दौरान विधायक सुदेश राय और श्रीमती अरुणा राय भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने सौ से अधिक वृद्ध और दिव्यांग जनों को उनकी आवश्यकता अनुसार व्हीलचेयर, वॉकर, श्रवण यंत्र, छड़ी, बैसाखी प्रदान किए.

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सुदेश राय, श्रीमती अरुणा राय, सुदीप प्रजापति, राजेश शर्मा, महेश यादव, डॉ आशुतोष दीक्षित ने माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया. वसुंधरा वेलफेयर सोसाइटी के संचालक अर्जुन सिंह व शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा अतिथियों का फूल मालाए पहना कर स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया.

## 48 घंटे में फिर बदलेंगे मौसम के मिजाज

नवभारत न्यूज

**सीहोर 28 मार्च.** अंचल का मौसम फिर बदल रहा है. पश्चिमी विभाग के चलते शनिवार को दिन में तेज गर्मी रही. दिन के तापमान के साथ रात के तापमान में भी बढ़ोत्तरी हुई. ऐसे में अधिकतम तापमान 38 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया. मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि अंचल में आंधी-बारिश का एक मजबूत सिस्टम एक्टिव होने जा रहा है. अगले 48 घंटे में अंचल में तेज हवा के साथ गरज एवं चमक के साथ बौछारों की संभावना है.

मौसम विभाग ने तेज हवा का अलर्ट भी जारी कर दिया है. मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ी क्षेत्रों में करीब 35 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलेगी. साइक्लोनिक सर्कुलेशन और टर्फ की वजह से अंचल में बादल छाने लगे हैं और मौसम में बदलाव नजर आ रहा है. मौसम विभाग के अनुसार रविवार से फिर नया सिस्टम एक्टिवेट होगा. जिसका असर 48 घंटे तक रहेगा.

### पानी बरसा तो होगा रबी फसलों को नुकसान

सीहोर, आष्टा और इछावर ब्लॉक में तो कटाई लगभग पूरी हो चुकी है, लेकिन बुदनी और भैरूंदा ब्लॉक में अब भी फसलों की कटाई हो रही है. यदि तेज हवा के साथ बारिश होती है तो फसलों को भारी नुकसान होगा. हालांकि मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि जो फसलें खेत में कटी पड़ी हैं उन्हें शीघ्र निकालें या फिर सुरक्षित स्थान पर रखें. मार्च के महीने में इस बार सर्दी, गर्मी और बारिश के मौसम की अनुभूति हुई है. शुरुआत में तेज गर्मी पड़ी थी. हालांकि दूसरे सप्ताह तेज गर्मी से राहत मिली थी. तीसरे सप्ताह बारिश भी हुई थी. अब फिर बारिश के आसार हैं.

# दूसरे दिन भी नहीं लग सका नर्मदा में डूबे दो युवकों का सुराग

- शुक्रवार को सीलकंठ घाट पर नाव पलटने से डूबे थे दो युवक
- लगातार दूसरे दिन भी चलता रहा सर्चिंग ऑपरेशन

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा 28 मार्च.** नर्मदा नदी के सीलकंठ नाव घाट पर शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब रेत से लदी एक नाव तेज हवा और अचानक बदले मौसम के कारण बीच धारा में पलट गई. हादसे में नाव सवार चार युवक नदी में गिर गए, जिनमें से दो ने तैरकर अपनी जान बचा ली, जबकि दो युवक लापता हो गए. घटनाके लगातार दूसरे दिन राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), होमगार्ड व पुलिस की टीमों द्वारा लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे चार युवक नाव के जरिए नर्मदा नदी में गए थे और रेत भरकर वापस लौट रहे थे. इसी दौरान अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवा के झोंकों के साथ नदी में ऊंची लहरें उठने लगीं. नाव पहले से ही रेत से भारी थी, जिससे उसका संतुलन बिगड़ा. देखते ही देखते नाव बीच धारा में पलट गई.नाव पलटते ही सभी युवक नदी में जा गिरे.

हादसे के दौरान मुकेश कुमार और सोनू कुमार, दोनों निवासी पूर्णिया (बिहार), ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए किसी तरह तैरकर किनारे तक पहुंचने में सफलता हासिल की. वहीं उनके साथ मौजूद लड्डू कुमार और रंजीत दोनों निवासी पूर्णिया (बिहार), तेज बहाव में बह गए.

सूचना मिलते ही थाना भैरूंदा पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया. साथ ही एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया. गोताखोरों की मदद से नदी में गहन सर्चिंग अभियान चलाया गया, लेकिन देर शाम तक दोनों लापता युवकों का कोई सुराग नहीं मिल सका. अंधेरा होने के कारण सर्च ऑपरेशन को अस्थायी रूप से रोकना पड़ा.



पुलिस के मुताबिक चारों युवक बिहार से महज दो दिन पहले ही काम की तलाश में यहां आए थे. वे आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं, जिनमें दो साले-जीजा और दो साडू के रिश्ते में हैं. लापता हुए दोनों युवक भी आपस में साडू बताए गए हैं.

एसडीओपी रोशन कुमार जैन और थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि चारों युवक मछली पकड़ने गए थे, जबकि नाव में रेत भरी होने की बात भी सामने आई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है. फिलहाल खबर लिखे जाने तक दोनों युवकों का कोई सुराग नहीं लग पाया था.

### जमोनिया तालाब में भी तलाश जारी

इसी तरह शहर के समीपस्थ जमोनिया तालाब में शुक्रवार को नहाने के दौरान डूबे मंडी फ्रीगंज के युवक आर्यन सूर्यवंशी की तलाश शनिवार को भी दिन भर जारी रही. सुबह से शुरू हुए सर्च ऑपरेशन के दौरान मोटरबोट से पानी को हिलाया गया ताकि शव ऊपर आ सके. इसके अलावा जाल भी डाले गए, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर गोताखोर की मदद ली गई. शनिवार को दिन भर जमोनिया तालाब में युवक की तलाश की जाती रही, लेकिन कुछ पता नहीं चला. रविवार को फिर से उसकी तलाश शुरू की जाएगी.

# हिंसक युवक ने मचाया आतंक दरांते से किया हमला

- बीती रात आष्टा नगर में युवक ने खेला खूनी खेल
- बमुश्किल काबू में आए युवक पर हत्या के प्रयास का मामला

नवभारत न्यूज

**आष्टा 28 मार्च.** आदर्श कॉलोनी में एक मामूली 30 रुपये के लेन-देन ने ऐसा तूल पकड़ा कि पूरा इलाका दहशत में आ गया. शुक्रवार रात करीब 9.30 बजे शुरू हुआ विवाद कुछ ही देर में खूनी संघर्ष में बदल गया।

जानकारी के अनुसार, आकाश मालवीय आदर्श कॉलोनी स्थित बादल मेवाड़ा की दुकान पर सिगरेट लेने पहुंचा था. इस दौरान 30 रुपए को लेकर कहासुनी हो गई, जो धक्का-मुक्की और मारपीट में बदल गई.

विवाद के दौरान आकाश ने बादल सिंह और उसके पुत्र कृष्णा मेवाड़ा पर पत्थर से हमला कर दिया, जिससे दोनों को चोटें आईं.

घटना के बाद आरोपी आकाश मालवीय शराब के नशे में अपने घर से दराता लेकर वापस आया और हॉस्पिटल चौराहे के आसपास घूमने लगा. उसके हाथ में धारदार हथियार देखकर लोगों में अफरा-तफरी मच गई. आरोपी को पकड़ने की कोशिश के दौरान राजा खान गंभीर घायल हो गया. उसके अंगूठे में गहरी चोट आई, जिसके बाद उसे तुरंत सिविल अस्पताल लाया गया. हालत गंभीर होने पर सीहोर रेफर किया गया. मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ने के दौरान उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह भी घायल हो गया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर दराता जब्त किया. घायल आरोपी को इलाज के दौरान ही पुलिस निगरानी में रखा गया है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है



## पार्वती धाम पर्वत पर हुआ विशाल भंडारा

**सीहोर.** रफीकगंज ढेकिया स्थित अखंड ज्योति पार्वती धाम शनि मंदिर पर्वत पर माता जगदंबा के दरबार में एनजीओ अध्यक्ष सन्नी राजपाल और संचालक रजत मूंदड़ा के मार्गदर्शन में आयोजन समिति द्वारा माता रानी जगदंबा के दरबार में विशाल भंडारा महाप्रसादी का आयोजन किया गया. गांव के नागरिकों महिला पुरुषों बच्चों ने माता रानी के दरबार में पहुंचकर महा प्रसादी ग्रहण की. श्रद्धालुओं ने माता रानी जगदंबा की आरती में हिस्सा लिया. एक प्रयास एनजीओ संस्था अध्यक्ष सन्नी राजपाल ने बताया पार्वती अखंड ज्योति धाम को विकसित किया जा रहा है.

## युवा आज लेंगे सीवन की सेवा की शपथ

नवभारत न्यूज

**सीहोर 28 मार्च.** संत श्री हरिराम दास महाराज, कथावाचक पंडित रविशंकर तिवारी एवं कथा वाचक अरविंद व्यास की विशेष उपस्थिति में शहर के युवाओं को शपथ दिलाई जाएगी.

शहर की जीवनदायनी सीवन की रक्षा और उसे की सेवा करने हेतु मैं पुत्र सिवान का अभियान के तहत जीवन पुत्र बनाए जा रहे हैं जो कि कल श्री हनुमान फाटक स्थित सीवन तट पर लेंगे. प्रदीप चावड़ा ने बताया कि शपथ का मूल उद्देश्य सीवन को मूल स्वरूप में लाना है जिसके लिए विगत कई सालों से संघर्षरत है. यह शपथ मां जीवन दायिनी सीवन और पुत्र के बीच रिश्ते को मजबूत करेगी. इस भावनात्मक रिश्ते के कारण ना कोई कचरा ना कोई पूजन सामग्री ना कोई अन्य पदार्थ जीवन में प्रभावित करेंगे साथ-साथ समय-समय पर घाटों की स्वच्छता हेतु अभियान चलाएंगे. सीवन की जलकुंभी भी हटाने का काम यह सीवन पुत्र आगामी दिनों में करेंगे. प्रदीप चावड़ा ने बताया कि शहर का हर युवा स्वेच्छा से ही लगातार सीवन पुत्र बन रहे हैं और सीवन के जीर्णोद्धार में अपनी सहभागिता निभा रहे हैं. अभी तक लगभग 780 के करीब सीवन पुत्र बन चुके हैं और हमारा लक्ष्य 5000 सीवन पुत्र बनाने का है. मां सीवन उद्धार समिति ने युवाओं से अपील की है कि रविवार को सांय 4 बजे कार्यक्रम में उपस्थित रहें.

## शतचंडी महायज्ञ व कथा का समापन



नवभारत न्यूज

**डोबी 28 मार्च.** ग्राम में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित विशाल सतचंडी महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का गत दिवस समापन हो गया. इस दौरान सैकड़ों ग्रामीणों ने शामिल होकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया.

आयोजन के दौरान मां नर्मदा तट भौति से पधारे संत 1008 महंत टीकमदास त्यागी ने यज्ञ स्थल के समीप कंडों की धूनी के बीच कठोर साधना कर श्रद्धालुओं को आस्था का संदेश दिया. वहीं भोपतपुर से आए रामनरेश शास्त्री ने संगीतमय श्रीराम कथा का रसपान कराया. यज्ञ की समस्त विधियां आचार्य अशोक पाराशर द्वारा संपन्न कराई गईं. आयोजन में बड़ी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालु शामिल हुए और धर्मलाभ अर्जित किया. कार्यक्रम का सफल संचालन पटेल परिवार के राघवेंद्र सिंह पटेल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से खेड़ापति मंदिर परिसर में हुआ. कथा के दौरान संतों ने भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने और गौसेवा का संदेश दिया. आयोजन के दौरान प्रतिदिन महाप्रसाद व भंडारा भी आयोजित किया गया. भंडारे में आसपास के अनेक गांवों से आए हजारों ग्रामीणों ने भक्तिभाव से आहूति छोड़ी और भंडारे में शामिल होकर भोजन प्रसादी ग्रहण की.

**लोकार्पण** ▶ राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने सिविल अस्पताल में किया नवीन मंडपम का लोकार्पण

# मानवता की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म : वर्मा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 28 मार्च.** राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने इछावर सिविल अस्पताल में नवनिर्मित पंडित लक्ष्मीनारायण शर्मा मंडपम का लोकार्पण किया. मंडपम डॉ वीवी शर्मा द्वारा पिता लक्ष्मीनारायण शर्मा की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मरीजों के परिजनों के बैठने एवं आराम के लिए बनवाया गया है, जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों को सुविधा होगी.

इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और मरीजों के साथ आने वाले परिजनों की सुविधा का ध्यान रखना भी उतना ही आवश्यक है जितना कि मरीजों के उपचार की व्यवस्था करना। उन्होंने कहा कि पंडित लक्ष्मीनारायण शर्मा मंडपम का निर्माण एक सराहनीय पहल है, जो मानवता और संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है. राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार का उद्देश्य है. इसी उद्देश्य का परिणाम है कि आज शहरी ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों के भी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को सभी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं. उन्हें अब इलाज के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ता है. उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में और बढ़ोत्तरी की जाएगी. उन्होंने कहा इस प्रकार के सामाजिक सहयोग से स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक सुधार लाया जा सकता है. इस अवसर पर इछावर नगर परिषद अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, डॉ वीवी शर्मा और सीबीएमओ डॉ अंकित चांडक सहित अन्य अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित थे.



## आज कलश यात्रा के साथ शुरू होगा यज्ञ

**सीहोर.** बिल्वेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा पांच दिवसीय श्री हनुमंत पंचकुंड आत्मक यज्ञ और श्री राम प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा. शनिवार को हिमाद्री स्नान किया गया. रविवार को सुदामा नगर स्थित श्री बिल्वेश्वर महादेव मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी. 30 मार्च को मंडप देवता आह्वान, मंडलों का पूजन, अग्नि स्थापना, प्रतिमा का जलाधिवास, अन्नाधिवास होगा. 31 मार्च को यज्ञकर्म, घृत अधिवास द्रव्य अधिवास होगा. एक अप्रैल को यज्ञकर्म और फलाधिवास, शैय्या अधिवास होगा. दो अप्रैल को श्रीराम भव्य अभिषेक और न्यास, नगर भ्रमण, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद महाआरती व भंडारे किया जाएगा.